2 गज दूरी
मास्क जरूरी

5 साल बेमिसाल
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज

मासिक
कुमावत इंडिया
कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com
Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-6 | अंक-10 eb&2023 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00



Lo- foukn ckykfn ; k
9829059312

चेतन बालोदिया
9414052736

सुनील बालोदिया
9928910068

रवि बालोदिया
9829436551

A COMPLETE PRINTING SOLUTION

Raj Blocks

Since-1977

OFFSET PRINTERS

• Books • Magazine • Brochures • Catalogue • Flex, Vinayle • Envelops • Letter Head
• Event Tickets • Certificates • Invitation Card • Menu Card • Poster • Calender
• Packazing Box • UV & Leaf with Special Effects

B-81, Road No.4, 22 Godown Industrial Area,
Kartarpura, Jaipur, 0141 - 4022538
rajblocks@yahoo.com | rajblocksjpr@gmail.com
rajprintlinejpr@gmail.com | rajprintlinejpr@yahoo.co.in

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

अध्यक्ष	:	रमेश कुमावत (गेदर)	**मो. 9414554322**
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	**मो. 9887440666**
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	**मो. 9414810584**
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	**मो. 9549656438**
सदस्य ट्रस्टी	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	**मो. 9414994006**
		सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	**मो. 9829056063**
		हेमचन्द खड़गटा	**मो. 9351682036**
		रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	**मो. 9414074376**
		जयकिशन सोकिल	**मो. 9829125428**
		चेतन बालोदिया	**मो. 9414052736**
		मोहन लाल कुमावत	**मो. 9887557425**
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	**मो. 9414263429**

सम्पादक मण्डल : रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) सम्पादक - 9414074376, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, गौरव अजमेरा 9829488824, प्रमोद कुण्डलवाल 9414362169, मनीष कुमावत 9660702083, रवि कुमावत **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, प्रभुदयाल तुनगरिया किशनगढ़ 9680931428, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया तथा मुकेश कारगवाल 9828606056, राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** राकेश कुमावत एडवोकेट 9829152561 विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397 दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580 सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444 वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299 मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188 जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301 कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402 सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657 उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687 ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493 किशनगढ़ :** नन्दकिशोर पारमवाल **मो. 9667090499 बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957 सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812 इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645**

प्रोसेसिंग व मुद्रक : राज ब्लॉक्स, चौड़ा रास्ता, जयपुर

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रसीद प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित सम्पादक राम प्रकाश कुमावत (मारवाल)

सम्पादकीय

हमारे परिवारों से नैतिकता, शालीनता और संस्कृति धीरे-धीरे घटती जा रही है विशेषकर नव युवक-युवतियों की सोच, व्यवहार, वार्तालाप और दिनचर्या में बहुत परिवर्तन देखा जा रहा है। इसका मूल कारण हमारे परिवारों में नैतिक मूल्यों की निरंतर कमी होना है। मानवता, अहिंसा, न्याय, सच्चाई, ईमानदारी, शांति, सदाचार और देशभक्ति हमारे सामाजिक व नैतिक मूल्य हैं। सभ्यता, संस्कृति का अंग है और सभ्यता से मनुष्य के भौतिक क्षेत्र की प्रगति सूचित होती है जबकि संस्कृति से मानसिक प्रगति सूचित होती है। संस्कृति और नैतिक मूल्यों का चोली दामन का साथ है। नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्ण कर ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं। परंतु पाश्चात्य, भोतिकता व आधुनिकता के कारण हमारे मूल्यों का निरंतर पतन हो रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुट कर सांस ले रही है। यह स्थिति तो तब है जब नैतिकता को मानव का अभिन्न अंग माना जाता है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता निरर्थक होकर किसी पशु के समान है।

हम सभी महत्वपूर्ण निर्णय नैतिकता की कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं। लेकिन कई बार देखने में आता है की हमारे परिवार के मुखिया व बुजुर्ग अपने अंत:करण की आवाज को अनसुना कर अपने अहंकार और स्वार्थ के कारण वे गलत फैसला ले लेते हैं इससे परिवार के अन्य सदस्यों के हितों की बलि चढ़ जाती है। परिणामस्वरूप परिवार में अशांति, तनाव व कलह बढता है जो पतन का कारण बनता है। यदि हमें जीवन बेहतर बनाना है तो निर्णयों में परिवार के सभी सदस्यों की भागीदारी हो और परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनाये तथा परिवार के सभी सदस्य नैतिकता का पालन करें।

नैतिक मूल्य इतने सशक्त होते हैं कि यदि शुद्ध अंत:करण से अनुपालन किया जाए तो शांति और समृद्धि का माध्यम बनते हैं और परिवार व समाज संगठित होता है।

हाल ही में परीक्षाओं के परिणाम घोषित हुए है, समाज के अनेक बच्चों ने बहुत अच्छे अंक अर्जित कर समाज को गौरवान्वित किया है इन सभी को **कुमावत इंडिया** पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। जिन बच्चों ने 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किए हैं उनकी फोटो व विवरण भेजें उनका प्रकाशन जून, 2023 के अंक में किया जाएगा।

जय कुमावत समाज।

- रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)

हमारी वेवबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3
विशिष्ट संरक्षक सदस्य : श्री कैलाश घोड़ावड़	4
कुमावत समाज की महापंचायत ने विद्याधर नगर स्टेडियम मं हुंकार भरी	5
कुमावत महापंचायत की चित्रावली	6
डूंगराल परिवार ने मंदिर और धर्मशाला के लिए 11 लाख की भूमि व 11 लाख नकद दिए	7
मजदूर की लाड़ो बनी अधिकारी	7
सिटी पैलेसे जयपुर में पारम्परिक कलाओं का प्रशिक्षण	7
अनुराधा कुमावत को पीएचडी की उपाधि	8
समाज की भूमि पर गार्डन, खेल परिसर, छात्रावास की नीव रखी गयी	8
अभिलाषा कुमावत को PhD की उपाधि	8
डॉ. राजेन्द्र कुमावत ने राजकीय विद्यालय भवन के लिए 4 लाख सहयोग किया	8
गरिमा कुमावत ने 9 बार पास की यूजीसी नेट परीक्षा	8
नरेश ने जुड़ो में जीते दो गोल्ड	8
चित्तौड़गढ़ का नमन कुमावत अब खेलेगा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर	8
प्रीति कुमावत सीए बनी	8
अहंकार है व्यक्तित्व की बाधा	9
ध्यान दें : बच्चे गलत संगत में न फंसे	9
श्री कुमावत क्षत्रिय बाल शिक्षा समिति, जयपुर का चुनाव-कार्यक्रम घोषित	9
सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित	10
नाशिक में 11वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न	10
गर्मी में रखें सेहत का ख्याल	10
निर्जला एकादशी	10
आयुर्वेद में स्वास्थ्य विज्ञान एवं ग्रीष्म ऋतु	11
समर्थता के साथ सहिष्णुता	11
विश्व साईकल दिवस 3 जून	12
पहले सामान्य सी परीक्षा में असफल रहे आज उनमें से कई कैरियर में सफल	12
एमनेस्टी स्कीम-2023	13
योग अपनाए स्वस्थ रहे	14
प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को बधाई	15
मैंगो पिस्ता आइसक्रीम	15
स्ओन कार्विंग (रत्ननक्काशी) की कार्यशाला	16
माँ श्रीमती गुलाबदेवी की मरणोपरांत आँखें दान की	16
अमर मंडराव को स्टे कोऑडिनेटर व श्रीचंद कुमावत को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया	17
गजानंद कुमावत कांग्रेस ओबीस प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त	17
ललित जालवाल, राज. कांग्रेस ओबीसी के उपापध्यक्ष नियुक्त	17
नरेश कुमावत नागरिक वीरता पुरस्कार से सम्मानित	17
अभिज्ञान ए. सिंघाटिया की पस्तक चाइना टॉउन का विमोचन	17
युवाओं को उनकी रुचि अनुरूप पेशा अपनाने दें	19
जीऐं तो ऐसे जीऐं	19
सोशल मीडिया व इन्टरनेट कर रहा अपनों से दूर	20
ब्रेन भी पागल है... इसे कन्ट्रोल करो	20
एटीएम का इस्तेमाल में सावधानियां बरतकर धोखाधड़ी से बचें	21
समाज के प्रसिद्ध सृजनशील व्यक्तित्व	21
हरी सब्जियां खाये-सेहत बनाएं	22
खाली पेट चाय या कॉफी पीने के नुकसान	22
उत्तर दिशा में सिर करके क्यों नहीं सोना चाहिए	23
विशिष्ट संरक्षक/श्रद्धांजलि	24
विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	25
'कुमावत इंडिया' पत्रिका नहीं मिलने पर यहां सम्पर्क करें	26
विज्ञापन	27
स्मृति शेष : समाज सेवी रमेश चंद्र झालवार	28
गरिमा वर्मा को पीएचडी, चौथराम कुमावत एक्जीक्यूटिव इंजीनियर चयनित	28
श्रद्धांजलि विज्ञापन	29
बधाई विज्ञापन	30

विशिष्ट संरक्षक

श्री कैलाश घोड़ावड़

पुत्र श्री लालूराम जी घोड़ावड़
कृष्ण सिल्क मिल्स, एल-3065,
सूरत टेक्सटाइल मार्केट,
रिंग रोड, सूरत
मो. : 9427168065

इनका जन्म 10 जुलाई, 1979 को निमाज पाली के श्री लालूराम जी घोड़ावड़ के परिवार में हुआ। श्री कैलाश घोड़ावड़ ने कक्षा 10 तक शिक्षा ग्रहण की है। आप सूरत, गुजरात में कृष्णा सिल्क मिल्स के नाम से कपड़े का व्यवसाय कर रहे हैं जिसमें मैन्यूफैक्चरिंग, ट्रेडिंग तथा एक्सपोर्ट का कार्य किया जा रहा है। आप आरएसएस से 20 वर्षों से जुड़े हुए हैं। आप 15 वर्ष तक युवा कुमावत अध्यक्ष रहे तथा 5 वर्ष तक बजरंग सेना अध्यक्ष रहे। आप गुजरात भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं, वर्तमान में आप गुजरात भाजपा भाषाभाषी सेल के सदस्य हैं। सूरत तथा निमाज में समाजसेवी तथा भामाशाह के रूप में आपकी विशिष्ट पहचान है। आप भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा रजि. के गुजरात प्रदेश के तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

आपके एक पुत्री चेतना 12 कक्षा में तथा जुड़वा बच्चे इशांत व ईशिका आठवीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। आप सामाजिक तथा राजनीतिक रूप से गुजरात तथा राजस्थान में सक्रिय हैं। आपकी मिलनसारिता, मृदु व्यवहार तथा आकर्षक व्यक्तित्व सभी को भाता है तथा आप सभी से बड़ी सहजता और सरलता से मिलते-जुलते हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

चाकसू में 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की टीम ने सामूहिक विवाह में शिरकत की व वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया।

कुमावत समाज की महापंचायत ने विद्याधर नगर स्टेडियम में हुंकार भरी

21 मई 2023 को कुमावत समाज के प्रदेशभर से आए समाज बंधुओं ने इस महापंचायत में अपने हक और अधिकार लेने के लिए केसरिया साफा पहने 5 घंटे तक उत्साह और जोश से भरकर शिरकत की। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पधारने पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस महापंचायत में फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मुकेश वर्मा व ललित तुनवाल, पूर्व विधायक नानू राम कुमावत, भाजपा ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर अध्यक्ष चेतन कुमावत, कोर कमेटी के सदस्य व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ताराचंद कुमावत, छोटूराम बड़ीवाल, कैलाश कुमावत, डी.डी. कुमावत व समाज के अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखते कहा कि सैकड़ों प्राचीन धरोहरों और इमारतों को गढ़ने वाले हम समाज के राज शिल्पी और वास्तुकार है हम जितनी मजबूती से नींव रखते हैं उतनी ही दृढ़ता से हम अपना जायज राजनैतिक हक चाहते है।

देश के करीब 15 विधानसभा क्षेत्रों में कुमावत समाज के मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। समाज के वक्ताओं ने मांग रखी की दोनों राष्ट्रीय पार्टियां हमें 10 -10 विधानसभा तथा 1-1 लोकसभा का टिकट देकर हमारा राजनीति में प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। ओबीसी आरक्षण को 21 प्रतिशत से बढ़ाकर 27% किया जाए जिसमें से 7% कुमावत समाज को मिले। इसके अलावा समाज के छात्रावास के लिए नि:शुल्क भूमि, शिल्पकार उत्थान बोर्ड, स्थापत्य कला यूनिवर्सिटी, प्रदेश की धरोहरों पर कुमावत वास्तु कारों के नाम लिखें व शिल्पकारों के नाम से डाक टिकट जारी करें। PCC सचिव मुकेश वर्मा ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत ने मुख्य मांग जातिगत जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने मंच से जातिगत जनगणना की बात लोकसभा अध्यक्ष के सम्मुख रखी। **लोकसभा अध्यक्ष माननीय श्री बिड़ला ने कहा कि** आप आज भी स्थापत्य, संस्कृति व शिल्प के रक्षक हैं। समाज बंधुओं ने न सिर्फ प्राचीन गढ़-किले और जलाशय तो गढे ही हैं, आज भी संसद भवन जैसे भवनों का शिल्प कला में कुमावत समाज का बड़ा योगदान है। उन्होंने वादा किया कि समाज का कोई बेटा-बेटी उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहता है और पैसे का अभाव है तो उसकी शिक्षा की जिम्मेदारी उनकी है साथ ही समाज का कोई व्यक्ति बीमार है इलाज का पैसा नहीं दे पा रहा है तो उसका इलाज करवाएंगे।

इस दौरान स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था व बाहर तक अनेक समाजजन अंदर आने का इंतजार कर रहे थे।

चेतन कुमावत जिलाध्यक्ष जयपुर शहर भाजपा ओबीसी मोर्चा, **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका के उपाध्यक्ष रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट एवं सचिव भारती तोंदवाल तथा विजय एवं श्रीचंद खुडिया आदि का भी विशेष योगदान रहा।

इस आयोजन के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निर्वहन करने वाले समाज नेता, समस्त 31 सदस्य कोर कमेटी व समाज के युवा कार्यकर्ताओं को **'कुमावत इंडिया'** मासिक पत्रिका की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद उनके अथक प्रयास से यह आयोजन हो पाया। साथ ही औरंगाबाद, मुंबई, सूरत, मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों से पधारे समाज व जनप्रतिनिधि तथा आसपास से बसों व नीजि वाहनों से पधारे समाजजनों का भी धन्यवाद और आभार।

कुमावत महापंचायत की सफलता पर जताया आभार

21 मई को कुमावत महापंचायत में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने पहुंचकर इसे सफल बनाया। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन कुमावत कोर कमेटी सदस्य ने अपनी टीम चेतन धुंधारिया के साथ आसपास के गांव-गांव बैठकें आयोजित कर जागरूकता लाने के प्रयास किए थे। चेतन कुमावत ने समाज बंधुओं का महापंचायत में आने व अनुशासन के साथ एकता प्रदर्शन करने के लिए का आभार व्यक्त किया।

कुमावत महापंचायत 21 मई, 2023 की चित्रावली

डूंगरवाल परिवार ने मन्दिर और धर्मशाला के लिए 11 लाख की भूमि व 11 लाख नकद दिये

कुमावत समाज के अरंडिया निवासी भामाशाह और दानदाता श्री गणेश डूंगरवाल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संगीता डूंगरवाल, भाई मुकेश डूंगरवाल ने श्री मेवाड़ा कुमावत समाज चारभुजानाथ राधा कृष्ण मंदिर जयसिंहपुरा, उज्जैन को निर्माणाधीन मन्दिर और धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपये कीमत की भूमि अपनी माताजी श्रीमती रतनबाई पति स्वर्गीय श्री शिवलाल डूंगरवाल व बड़े भाई स्वर्गीय श्री नेमिचन्द डूंगरवाल की स्मृति में दान करने की घोषणा की और 11 लाख रुपये नगद समिति के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी श्री मोहनलालजी देतवाल, अध्यक्ष सत्यनारायण लाड़ना, समाजसेवी सत्यनारायणजी वोरा, रामनारायनजी देतवाल व राजेश देतवाल को भेंट किये।

समाजसेवी श्री गणेश डूंगरवाल द्वारा पूर्व में सेना के जवान अमर शहीद लोकेश कुमावत के परिवार को डेढ़ लाख रुपए की सहायता, कंजड़ में भव्य हनुमानजी का मंदिर, शालीमार टाउनशिप में भव्य मंदिर के निर्माण में सहयोग देकर अनूठी मिसाल पेश की है। विरले ही समाज व धार्मिक कार्यों के लिए इस तरह सहयोग करते है, डूंगरवाल परिवार की इन नेक कार्यों के लिए चारों ओर से प्रशंसा की जा रही है।

मजदूर की लाड़ो बनी अधिकारी

लक्ष्मणगढ़ कुमावत समाज की लाडली ने एक साथ दोहरी सफलता अर्जित कर बनाया कीर्तिमान

लक्ष्मणगढ़ 28 अप्रैल। पिता ने मजदूरी कर बच्चों को शिक्षित बना काबिल बनाया तो बच्चों ने भी मां बाप की भावनाओं के अनुरूप मेहनत कर सफलता का परचम लहराते हुए परिवार, समाज व नगर का नाम रोशन किया है ।

जी हां, ऐसा ही वाकिया लक्ष्मनगढ शहर का है। यहां के गौरीशंकर कुमावत ने मजदूरी कर परिवार का न केवल भरण पोषण किया बल्कि बच्चों को भी शिक्षित कर काबिल बनाने के लिए दिन रात मेहनत मजदूरी की। बच्चों ने भी मां बाप की भावनाओं के अनुसार स्वयं को कामयाब बना सफलता का परचम लहराया। हम बात कर रहे हैं कुमावत समाज की होनहार व लाडली बिटिया **बबिता कुमावत** की जो पहले ग्राम विकास अधिकारी के पद पर चयनित हुई और बाद में प्रगति प्रसार अधिकारी बनकर नागौर जिले में रियान बड़ी पंचायत समिति में पदभार ग्रहण किया व सफलता का परचम लहराते परिवार, समाज व नगर का नाम रोशन किया है।

बबिता कुमावत को '**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से बधाई व उज्ज्वल भविष्य की कामना।

सिटी पैलेस जयपुर में पारम्परिक कलाओं का प्रशिक्षण

जयपुर के सिटीपैलेस में सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन राजपरिवार के सदस्य सवाईपदमनाभ सिंह द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को जयपुर की समृद्ध कला और शिल्प से परिचित करना है। इस शिविर में युवाओं को पारम्परिक कला प्रथाओं का ज्ञान व कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इस उद्देश्य के लिए युवाओं हेतु एक आर्ट एण्ड क्राफ्ट स्कूल की घोषणा भी की जो जल्द शुरू की जाएगी। इस प्रशिक्षण शिविर में ध्रुपद, कथक, चित्रकला, बांसुरी, फेसको तथा जयपुर ब्लू पोटरी जैसी परम्परिक कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पेंटिंग का

प्रशिक्षण रामू रामदेव, हेमन्त रामदेव, **बाबूलाल मारोठिया एवं बद्रीलाल मारोठिया** द्वारा दिया जाएगा। ध्रुपद का प्रशिक्षण डॉ. मधु भट्ट द्वारा और कथक व लोक नृत्य का प्रशिक्षण डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी, बांसुरी आर.डी. गौड़ और केलीग्राफी अशोक द्वारा दी जाएगी। फ्रेसको (अराइश) का प्रशिक्षण **डॉ. नाथूलाल वर्मा** द्वारा तथा जयपुर ब्लू पोटरी की बारीकियां गोपाल सैनी और सुश्री गरिमा सैनी द्वारा सिखाई जाएंगी।

अनुराधा कुमावत को पीएचडी की उपाधि

एपेक्स यूनिवर्सिटी की ओर से अनुराधा कुमावत को पीएचडी प्रदान की गई। इन्हें यह उपाधि 'उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों व उनकी अभिवृत्ति पर मीडिया के प्रभाव का अध्ययन' विषय पर शोध के लिए दी गई। इन्होंने शोध कार्य प्रो. कल्पना सेंगर के निर्देशन में पूर्ण किया है। '**कुमावत इंडिया**' पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

अभिलाषा कुमावत को PhD की उपाधि

श्रीमती अभिलाषा कुमावत पत्नी श्री अविनाश बातरा द्वारा ''**उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों पर ऑन लाईन शिक्षा से मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन पर होने वाले प्रभाव**'' विषय पर डॉ. खेलशंकर व्यास के निर्देशन में शोध किया गया। पेसेफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर ने श्रीमती अभिलाषा कुमावत को PhD. की उपाधि दी है। इस दौरान अभिलाषा ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया है।

'कुमावत इण्डिया' पत्रिका की ओर से डॉ. अभिलाषा कुमावत को बधाई।

गरिमा कुमावत ने 9 बार पास की यूजीसी नेट परीक्षा

सवाईमाधोपुर जिले की गरिमा कुमावत पुत्री श्री एस.एन. कुमावत ने 9 बार यूजीसी नेट परीक्षा पास कर समाज का नाम गौरवान्वित किया है। आपने राजनीतिक विज्ञान में 7 बार व पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन तथा डिफेंस एण्ड स्टेटेजिक स्टडीज में एक-एक बार परीक्षा पास की है। वह पुलिस यूनिवर्सिटी जोधपुर से पीएचडी भी कर रही हैं। गरिमा ने राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात में टीआरओ के पद पर पदभार ग्रहण किया है।

'**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से गरिमा कुमावत को हार्दिक बधाई।

श्री राजस्थान क्षत्रिय कुमावत समाज, इंदौर

समाज की भूमि पर गार्डन, खेल परिसर, छात्रावास की नीव रखी गयी

23 अप्रैल 2023 का दिन श्री राजस्थान क्षत्रिय कुमावत समाज, इंदौर के लिए बड़े ही गर्व का रहा। समाज के वरिष्ठ सदस्य, नवयुवक मंडल सदस्य व महिला मंडल सदस्य उपस्थित हुए। यहां पर गार्डन, खेल परिसर, स्कूल, छात्रावास, मैरिज गार्डन तथा क्रिकेट ग्राउंड बनाने की नींव रखी गई तथा समाज की जमीन पर समाज के नाम का बोर्ड लगाया।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

डॉ. राजेन्द्र कुमावत ने राजकीय विद्यालय भवन के लिए 4 लाख सहयोग किया

सी.एम. हॉस्पिटल, जयपुर के डॉ. राजेन्द्र कुमावत ने मण्डाभीमसिंह कस्बे स्थित महात्मागांधी राजकीय विद्यालय को भवन निर्माण हेतु 4 लाख रुपए सहयोग राशि दी। इसके प्रेरक दुलीचन्द कुमावत व. अध्यापक रहे। प्रधानाचार्य शंकरलाल कुमावत, विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने डॉ. कुमावत एवं उनके पिता छीतरमल घोड़ेला का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर छोटेलाल छापोला, प्रभुदयाल घोड़ेला, रामगोपाल बासनीवाल, आनन्दी लाल डबरिया, सत्यनारायण छापोला आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

नरेश ने जुड़ो में जीते दो गोल्ड

नरेश कुमावत पुत्र श्री ओमप्रकाश कुमावत, राजस्थान कुमावत युवाशक्ति के पूर्व जिला अध्यक्ष नागोर ने जिला स्तरीय जुडो प्रतियोगिता में 2 गोल्ड मेडल जीतकर समाज का नाम रोशन किया है। हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना।

चित्तौड़गढ़ का नमन कुमावत अब खेलेगा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर

ऑल इण्डिया नेशनल क्रिकेट टी-20 चैम्पियनशिप मडगांव, गोवा में 25-28 अप्रेल, 2023 को हुई। इस प्रतियोगिता में एनसीआर क्रिकेट एसोसिएशन उपविजेता रही, इसके ऑलराउन्डर खिलाड़ी **नमन कुमावत** ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया। उनके इस प्रदर्शन से कमेटी ने नमन कुमावत का चयन **अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए** किया है, जो श्रीलंका में होगा। नमन के पिता राधेश्याम कुमावत पुलिस विभाग में हैडकांस्टेबल हैं। नमन ने इसका श्रेय माता-पिता तथा प्रशिक्षक को दिया है।

'**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से नमन कुमावत को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना।

प्रीति कुमावत पुत्री श्री बाबूलाल, लक्ष्मणगढ, सीकर का CA बनने पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई व शुभकामनाएँ।

अहंकार है व्यक्तित्व की बाधा

ईश्वर ने हमें एक निर्मल मन व मस्तिष्क के साथ इस धरा पर भेजा है। धार्मिक ग्रन्थों तथा संतों द्वारा कहा गया है कि इस संसार में जब एक बालक का विकास होता है तो वह उसके माता-पिता तथा परिवार के संस्कार ग्रहण करता है। जहाँ सत्य, प्रेम, निस्वार्थ सेवा जैसे संस्कार होंगे वहां एक बच्चा उन्हें ग्रहण अवश्य करेगा।

इस जग में अनेक बुराईयां भी व्याप्त है जो हमारे व्यक्तित्व में बाधक है इनमें हम काम, क्रोध, मोह, लोभ और स्वार्थ मुख्य रूप से मान सकते हैं। यह व्यक्ति को आकर्षित करती है। जब व्यक्ति इनसे घिर जाता है तो अहंकार का आगमन व्यक्तित्व आ जाता है। 'अहंकार' दीमक की तरह हमारे अन्दर के गुणों को क्षीण करता है तथा अहंकार की चरम स्थिति होने पर व्यक्ति का बुद्धि और बल दोनों का हरण हो जाता है। वह प्रतिस्पर्धा करके स्वयं को अव्वल देखने का आदि हो जाता है। उसका स्वभाव धन-सम्पत्ति के संग्रह करने व इसके लिए अपराध तक करने का हो जाता है। वह नैतिकता और अनैतिकता का अंतर भूल जाता है। उसकी इस प्रवृत्ति के प्रथम शिकार परिवार तथा समाज होते हैं। अब इनसे उसके रिश्ते डर या भय के कारण ही होते है अर्थात् आत्मियता के नहीं।

ऐसे व्यक्ति का भविष्य अच्छा नहीं होता बल्की वह अपने परिवार का भविष्य भी खराब कर देता है। जब अवसर आता है तो उससे पीड़ित लोग खुलकर सामने आ जाते हैं और फिर वह व्यक्ति कहीं का नहीं रह जाता। इसलिए धन संचय की प्रवृत्ति ठीक नहीं। भारतीय संस्कृति में इसीलिए दान देने का महत्व रहा है। दान से जहां संतुष्टि मिलती है वहीं सदियों तक दानदाता का यश रहता है साथ ही सार्वजनिक व धार्मिक उपयोग की सम्पत्ति का सृजन होता है। घर आए मेहमान को खाना/नाश्ता/चाय-पानी की व्यवस्था मन से करें तो उनकी शुभकामना मिलती है। मेरी माँ स्व. श्रीमती सुशीला ऐसा करती थी उसे आज भी सभी लोग याद करते हैं।

इस जीवन में उन्हीं लोगों के व्यक्तित्व की वृद्धि होती है जो अहंकार रहित रहकर निस्वार्थ भाव से विनयशील रहकर प्रेम और सत्य के साथ सेवा करते हैं। तब ही उसके व्यक्तित्व में सद्गुणों का और विकास होता है तथा ऐसे व्यक्ति को समाज सदैव याद रखता है।

- अमिता कुमावत

बात पते की

ध्यान दें : बच्चे गलत संगत में न फंसे

बच्चे स्वभाव से सरल व भोले होते हैं। जब बच्चे थोड़ा बड़ा होकर स्कूल जाने लगे या घर के बाहर खेलने जाने लगे तब उनका ध्यान रखना जरूरी होता है कि बच्चे किन से बात करते हैं, कब जाते हैं व लौटते हैं, वे अपना समय कैसे व्यतीत करते हैं, उनकी दिनचर्या क्या है, मोबाइल फोन, इन्टरनेट व सोशल मीडिया पर वे क्या कर रहे हैं। कुछ बच्चे गलत लोगों की दोस्ती व संगत में पड़ जाते हैं तथा जो उनसे गलत काम कराने लगते हैं। थोड़ी सावधानी से यह पता लग जाता है। यदि बच्चे गलती कर रहे हैं तो उन्हें प्यार से समझाये न की मारे-पीटे या सख्ती से डांट-डपट करें। न तनाव दें, न अन्य से उनकी तुलना करें। उन्हें समझाये कि गलत संगत में फंसने से उनका भविष्य खराब हो सकता है। टी.वी., मोबाइल, फोन, इन्टरनेट, फेसबुक बच्चों के लिए ठीक नहीं हैं। उन्हें इनका उपयोग नहीं करने दे, यदि जरूरी हो तो मो. फोन व इन्टरनेट अपनी उपस्थिति में उपयोग में लेने देवे। यदि बच्चे थोड़े बड़े-बड़े हो गये तो उनके फोन को चेक करते रहें।

बच्चों को कहें कि वे अपनी कक्षा के बच्चों को दोस्त बनाएं, अनजान बच्चे या व्यक्ति को नहीं। बच्चों के साथ समय बिताएं तथा उन्हें क्रिएटिव कार्य करने को प्रोत्साहित करें। बच्चों की रुचि जानें तथा उन्हें उस फील्ड में आगे बढ़ने देवें पर निगरानी अवश्य रखें।

आजकल वीडियो गेम्स तथा ऑनलाइन गेम्स आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, इनसे बच्चों को दूर ही रखे तो अच्छा है। हाँ, उन्हें घर के आँगन तथा आसपास खेलने से नहीं रोकें। आपकी जानकारी में ऐसे बच्चे जो गलत संगत में पड़ गये हो, उनसे अपने बच्चों को दूर ही रखे व उनसे सम्पर्क नहीं करने के बारे में समझाइश करें।

यह सब करते हुए ध्यान दे कि आपकी बातों तथा निगरानी से बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़े। यदि नकारात्मक प्रभाव का अहसास हो तो स्वयं को तरीका बदलना होगा। माता-पिता दोनों यदि जॉब कर रहे हैं तो उन्हें बच्चों पर निगरानी पर विशेष ध्यान देना होगा। **- खेमचन्द खड़गटा**

श्री कुमावत क्षत्रिय बाल शिक्षा समिति, जयपुर का चुनाव-कार्यक्रम घोषित

श्री कुमावत क्षत्रिय बाल शिक्षा समिति, जयपुर की कार्यकारिणी के चुनावों के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी श्री भागचन्द वर्मा (बैरा) ने 5 मई 2023 को चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसे चुनाव कार्यालय के सूचना-पट्ट पर चस्पा कर दिया गया।

इसके अनुसार 4 जून 2023 को कार्यकारिणी के 16 सदस्यों के लिए मतदान होगा व 5 जून 2023 को कार्यकारिणी के 5 पदाधिकारियों को चुना जावेगा। विस्तृत जानकारी के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी श्री भागचन्द वर्मा (बैरा) मोबाईल न. 9314504799 से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

चौथ का बरवाड़ा, सवाईमाधोपुर। पीपल पूर्णिमा, 5 मई, 2023 को चौथ का बरवाड़ा में प्रथम सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कुमावत क्षत्रिय समाज एवं धर्मशाला विकास समिति के तत्वावधान में हुआ। इसमें क्लीन शेव दुल्हे ही पात्र थे। गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली गई एवं उल्लासपूर्वक वरमाल सम्पन्न हुई। सम्मेलन में 8 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे।

चाकसू। 29 अप्रेल, 2023 को श्री कुमावत क्षत्रिय समाज द्वारा चतुर्थ सामुहिक विवाह का आयोजन गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से किया गया। इसमें 14 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे। नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देने स्थानीय विधायक, राज्य महिला आयोग अध्यक्षा, भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत, '**कुमावत इंडिया**' पत्रिका के रमेश गैदर, भारती तोंदवाल चेतन बालोदिया व रमेश वर्मा भी पहुंचे।

छोटी सादड़ी। 23 अप्रेल 2023 आखातीज के दिन गाडरियावास (छोटी सादड़ी) में 35 गांवों का प्रथम सामुहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ, इसमें 12 हजार समाजबंधु सम्मिलित हुए। इस ऐतिहासिक सम्मेलन की सुनियोजित व सुगम व्यवस्था वहां के 35 पंचों की एकता एवं मेहनत का परिणाम थी। ये सभी गांव खेती-किसानी में लगे हुए हैं।

निम्बाहेड़ा निवासी रमेश चन्द जी कुमावत के यहां से हेलीकॉप्टर से चारभुजाजी की बारात तुलसीमात की तैयारी के साथ आई। बारात की भव्यता व बिन्दोरी की छटा देखते ही बनती थी। इस समारोह में सांसद व विधायक भी सम्मिलित हुए। सम्मेलन में 10 हजार से अधिक लोगों ने स्नेहभोज का आनन्द लिया। इस आयोजन में 23 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे।

नाशिक में 11वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

16 अप्रेल 2023 को नाशिक (महाराष्ट्र) में 11वाँ युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें अत्यधिक संख्या में समाजजनों ने भाग लिया जो संचालन समिति की कड़ी मेहनत का परिणाम था। श्री कैलाश सेठ परदेशी संचालनकर्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री मुंडावरे, कामरेड पंडित राव कुमावत तथा सौ. स्वातिताई माचीवाल ने अपने विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन में नाशिक क्षेत्र के निवासरत कुमावत समाज द्वारा प्री-वेडिंग शूट करने पर 21 हजार रुपए सामाजिक दण्ड लगाने का निर्णय किया गया।

गर्मी में रखें सेहत का ख्याल

- रमेश वर्मा

गर्मी के मौसम में शरीर में मौजूद पानी का एक बड़ा हिस्सा पसीने के रूप में शरीर से बाहर निकल जाता है। इसके कारण शरीर के तापमान को नियंत्रित करने वाला थर्मोस्टेट सिस्टम ठीक प्रकार से काम नहीं कर पाता और लोगों को तेज बुखार, सांस में तकलीफ, उल्टी-दस्त, सिर दर्द तथा बार-बार प्यास लगने जैसी स्थिति हो जाती है। इससे शरीर में कमजोरी महसूस होती है। इसे लू लगना कहा जा सकता है। इसके प्रभाव से ब्लड प्रेशर कम हो जाता है तथा हार्ट व ब्रेन स्टोक का खतरा बढ़ जाता है।

इससे बचाव के लिए गर्मी के दिनों में बार-बार मटके का पानी पीना चाहिए। ठंडे पेय पदार्थ जैसे लस्सी, घर पर बना शर्बत, नीबू की शिकंजी, छाछ, दही, सत्तू का सेवन करना चाहिए। लू से बचाव के लिए बाहर जाने पर पूरे आस्तीन का शर्ट पहने, लूज कपड़े पहने, सिर को कपड़े से ढकना उचित रहता है तथा छाते का इस्तेमाल करें।

यदि आप गर्मी के मौसम में अपनी छुट्टियां बिताने या किसी अन्य कारण से सफर कर रहे हैं तो रेलवे प्लेटफार्म या बस स्टैण्ड पर उपलब्ध खान-पान की वस्तुओं समोसा, कचोरी तथा जंक फूड नहीं लेवें। पानी भी सील बन्द हो तो ही लें। हो सके तो पानी घर से ही अपने साथ लेकर चलें। डीहाईड्रेशन की समस्या से बचने के लिए इलेक्ट्रॉल तथा ओआरएस तथा कुछ मेडिसिन भी अवश्य अपने साथ रखें। फल लेना ठीक है पर ध्यान दें कि फल सड़े-गले नहीं हों तथा साफ पानी धोकर ही खाएं।

इन सावधानियों को बरतकर आप गर्मी में सेहत का ख्याल रख पाएंगे तथा अनावश्यक समस्याओं से बच पाएंगे।

निर्जला एकादशी

ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी आती है। इस बार 31 मई, 2023 को निर्जला एकादशी है। माना जाता है कि सभी एकादशियों में निर्जला एकादशी श्रेष्ठ होती है तथा इसका व्रत करने वालों को 24 एकादशियों का फल प्राप्त होता है। इसमें पानी पीना वर्जित होता है। इस दिन दान करने से लाभ मिलना माना गया है। दान में पानी का मटका भरकर देना सर्वश्रेष्ठ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वस्त्र, अनाज, फल, नमक तथा तिल का दान किया जाना चाहिए।

निर्जला एकादशी का व्रत करना बहुत कठिन है, यह मन पर संयम करना सिखाता है जो हमें नई ऊर्जा देता है। साथ ही जल की बूंद-बूंद का हमारे जीवन में क्या महत्व है यह महसूस होता है। इसे स्त्री व पुरुष दोनों ही कर सकते हैं।

आयुर्वेद में स्वास्थ्य विज्ञान एवं ग्रीष्म ऋतु

आयुर्वेद में मनुष्य जीवन को समग्र रूप से दृष्टि रखकर स्वास्थ्य विज्ञान विकसित किया गया, इसका उद्देश्य है (i) रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार करना तथा (ii) स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य का संरक्षण करना। यह सही है कि रोग उत्पन्न ही न हो जिससे उसके निदान की जरूरत ही न पड़े। इसके लिए आसन, व्यायाम, योग, प्राणायाम के अलावा ऋतु अनुसार आचरण करना तथा आहार-विहार करना जरूरी है। कहा गया है **''जैसा खाये अन्न वैसा रहे मन।''**

आयुर्वेद में प्रत्येक दो माह की एक ऋतु मानी गयी है। शिशिर, बसन्त और ग्रीष्म ऋतु को **उत्तरायण** तथा वर्षा, शरद और हेमन्त ऋतु को **दक्षिणायन** कहा गया। **उत्तरायण काल** में सूर्य उत्तर की ओर होता है तथा पृथ्वी पर सूर्य की प्रखर किरणें सीधी पड़ने से वातावरण शुष्क, वायु रूक्ष हो जाती है तथा प्राणियों का बल क्षीण हो जाता है। **दक्षिणायन काल** में वर्षा से सूर्य की किरणों का तेज कम होता है तथा धरती पर नमी हो जाती है। चन्द्रमा की शीतल किरणों का प्रभाव बढ़ जाता है। पृथ्वी पर जल की वृद्धि होने से प्राणियों के बल में वृद्धि हो जाती है। ऋतु परिवर्तन से वात, पित्त व कफ दोष होते हैं, इसका शमन ऋतु अनुकूल खान-पान एवं चिकित्सा से किया जाता है।

अभी ग्रीष्म ऋतु का प्रभाव व्याप्त है। इस बारे में आयुर्वेद में निम्न जानकारी है:-

ग्रीष्मकाल में पृथ्वी का तापमान 40-45 डिग्री तक पहुंच जाता है। शरीर से पसीने आते हैं बच्चों व बुजुर्गों का जी घबराने लगता है तथा बार-बार प्यास लगती है तथा पानी की कमी से डीहाईड्रेशन होने से उल्टी-दस्त हो जाते हैं। शरीर का बल क्षीण हो जाता है। ग्रीष्म में वात दोष होता है तथा कफ का शमन होता है। हमें अपने खान-पान में दूध, दही, छाछ, लस्सी, चावल, शर्बत, केरी का पना, सत्तु का सेवन करना चाहिये। मटके का शीतल (ठण्डे) जल का सेवन करना चाहिये (बर्फ के पानी का नहीं)। जहाँ तक हो सके घर में रहें तथा धूप में बाहर न निकलें। सूती व हल्के कपड़े पहने किन्तु बाहर जाना हो तो पूरी आस्तिन की कमीज पहनें। गर्मी से शरीर को ठण्डा रखने के लिए तैराकी करें व नित्य स्नान करें। सुबह की सैर थोड़ा जल्दी उठकर करें।

ग्रीष्म ऋतु में चटपटे, मसालेदार व उष्ण भोजन, पदार्थों, फास्टफूड, रसायन से बने शीतल पेय (Cold Drinks), शराब तथा बासी खाने का सेवन नहीं करें। ऋतु विपरीत पदार्थों का सेवन नहीं करें, बोलचाल में कहा गया है—

चैते गुड़ बैशाख तेल, जेठ पंथ आषाड़क बेल।
सावन पात, भादो दही, क्वार करेला कार्तिक मही।
अगहन जीरा, पूसे धनिया, माघे भिण्डी, फागुन चना।
जो यह बारह देत बचाय, ता घर वैद्य कभी न जाय।

ध्यान रखें बचाव ही उपाय है। ऋतु अनुकूल आहार-विहार से हम रोगों से बचाव कर सकते हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं तथा विषाणु व संक्रमण जन्य बीमारियों से बचकर दीर्घायु तक इस संसार का स्वस्थ रहकर आनन्द ले सकते हैं। इससे आपको अपने बच्चों व परिवारजनों से सेवा की जरूरत कम पड़ेगी। इसीलिए कहा गया है कि **''पहला सुख निरोगी काया।''**

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग भवेत।

अर्थात सभी जन सुखी हो, सभी जन निरोग हो, सभी जन भद्र/श्रेष्ठ हों तथा इस संसार में कोई भी दुःखी नहीं रहे।

संकलन - 'कुमावत इंडिया' पत्रिका टीम

समर्थता के साथ सहिष्णुता

आमतौर पर समझा जाता है कि जो अपनी शक्ति, पद, वैभव, प्रतिष्ठा का प्रदर्शन जितना अधिक बढ़-चढ़कर कर सकता है, वही व्यक्ति बड़ा होता है। पद, प्रतिष्ठा और वैभव का प्रदर्शन समीपवर्ती लोगों में थोड़ी देर के लिए भले ही बड़प्पन की धाक जमा दें, परंतु महानता इससे सर्वथा भिन्न बात है। तथाकथित, बड़प्पन और महानता में यह अंतर है कि एक में व्यक्ति अपने मिथ्या अहंकार का प्रदर्शन कर क्षुद्रता का ही परिचय देता है, जबकि दूसरे में व्यक्ति अपने गौरव का ध्यान रखते हुए अपनी विभूतियों का सत्प्रयोजन के लिए ही उपयोग करता है और जहाँ कहीं क्षुद्रता से सामना करना पड़ता है, वहाँ भी आवेश में न आकर शांत और गंभीर ही बना रहता है।

शक्तिवान होने का अर्थ यह नहीं है कि अपने से कम शक्तिशालियों का उत्पीड़न किया जाए अथवा जहाँ-तहाँ उसका प्रदर्शन कर अपने व्यक्तित्व को हलका और ओछा बनाया जाए। **शक्ति परमात्मा की देन है, विभूति है और उसका उपयोग केवल अवांछनीयता के उन्मूलन या दमन के लिए ही किया जाना चाहिए।** बुद्धिमान व्यक्ति इस तथ्य को भली भाँति समझते हैं और अपनी शक्ति का वहीं उपयोग करते हैं, जहाँ उसकी उपरोक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता पड़ती है; अन्यथा वे इतने धीर, गंभीर बने रहते हैं कि किसी को उनके विभूतिवान होने का पता ही नहीं चलता।

कहा गया है कि **क्रोध को मन में और स्नेह को आँखों में रखना चाहिए।**

-मेघना कुमावत, उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा, भाजपा सिविल लाइन मंडल, जयपुर।

विश्व साईकल दिवस 3 जून

साईकल एक सरल,सस्ता, प्रदूषण रहित, साहस व रोमांच से भरपूर परिवहन का साधन है। इसे कच्ची-पक्की सड़कों, पगडण्डियों तथा सकड़े रास्तों/गलियों में भी चलाया जा सकता है। यह शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा साधन है। कुछ दिन अभ्यास कर गिरते-पड़ते हुए इसे सीखा जा सकता है। जब कोई साईकल चलाना सीख जाता है तो उसे बहुत खुशी होती है। क्योंकि अब खुली हवा में बड़ी ही उमंग के साथ साईकल की सवारी का आनन्द लिया जा सकता है।



साईकल चलाने के लाभ : साईकल चलाना अच्छा व्यायाम है,यह पांव की हड़िडयों एवं मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाता है एवं उनमें लचीलापन लाता है। यह शरीर की चर्बी को कम कर व्यक्ति को स्लीम बनाता है। हृदय, फेफड़ों तथा बाजुओं के लिए भी साईकल चलाना अच्छा रहता है। इससे तनाव घटता है तथा एकाग्रता में वृद्धि होती है। बच्चों की लम्बाई बढ़ाने में साईकल राईड सहायक मानी गयी है। इससे भूख भी अच्छी लगती है व सम्पूर्ण शरीर की ग्रोथ व इम्यूनिटी ठीक होती है तथा बॉडी पाश्चर और समन्वय में सुधार होता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साईकल की विशिष्टता, शक्ति, स्थायित्व और बहुमुखी उपयोग को पहचान कर तथा सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों को मध्यनजर रखकर वर्ष 2018 से विश्व साईकल दिवस 3 जून को मनाने का निर्णय लिया। इसे हर वर्ष मनाने से तथा उस दिन साईकल के उपयोग के लाभों पर चर्चा करने से इसका उपयोग बढ़ेगा, सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, साईकल चलाने की गतिशीलता को संरक्षित किया जाकर बढ़ावा दिया जा सकेगा। अनेक देशों ने इसका महत्व पहचाना तथा साईकल चलाने के लिए सड़क पर अलग लेन बनायी गई, हमारे देश में अनेक शहरों में ऐसी व्यवस्था है। डेनमार्क में 10 में से 9 लोगों के पास साईकल है।

साईकल राइड लोगों को एकसाथ लाता है जो सामाजिक समावेश व शांति की संस्कृति को बढ़ाता है। अन्य उत्साही लोगों के साथ मार्ग और साहस की भावना साझा होती है। ट्रेफिक जाम से बचा जा सकता है। वायु व ध्वनी प्रदूषण रहित परिवहन का सुलभ साधन ''साईकल'' का उपयोग बढ़ाकर हम हमारी पृथ्वी को बचा सकते हैं। कुछ विद्वानों ने साईकल के लिए निम्न वाक्य कहे हैं:-

Life is like riding a bicycle. To keep your balance, you must keep moving.
-Albert Einstein

Learn to ride bicyle. You will not regret it if you live.
-Marks Thaen

अब हाईटेक साईकल आने लगी है जिनमें गियर सिस्टम है। बेटरी चालित साईकल भी उपलब्ध हो गयी है। भीड़भाड़ वाले ट्रेफिक से बचने, पार्किंग समस्या, पर्यावरणयी चेतना तथा बढ़ते ईंधन पर खर्च के कारण लोग अब साईकल के महत्व को पुन: समझकर साईकल को अपनाने लगे हैं। ***जो मजा साईकल में है वह अन्यत्र कहाँ?*** साईकल का महत्व निम्न प्रकार बताया गया है-

जब मुझे साईकल चलाना आया,
तब उमंग का अंदाज लगा न पाया।
साईकल ने मुझे गिरना व उठना सिखाया,
दोस्तो संग खुली हवा में मस्ती करना बताया।
साईकल की सवारी है अनूठी,
इसने जिदंगी जीना सिखाया।

- आर.सी. कुमावत

पहले सामान्य सी परीक्षा में असफल रहे आज उनमें से कई कैरियर में सफल

आपको अनेक ऐसे उदाहरण मिल जायेंगे कि जो व्यक्ति मैट्रिक, ग्रेजुएशन आदि परीक्षाओं में फेल हो गये किन्तु उनमें से अनेक आज सफल ब्यूरोक्रेट या व्यवसायी हैं। एक परीक्षा में फेल होना स्वयं का सच्चा परीक्षण नहीं है। हो सकता है कि किसी कारण से आपका पेपर अच्छा नहीं हुआ हो। कई IAS, IPS तथा प्रशासनिक अधिकारी आदि परीक्षाओं में भी एक नहीं बल्की 2-3 बार असफल रहे, उनमें से कई आगामी प्रयास में सफल रहे हैं। जरूरत है लक्ष्य के अनुसार निरन्तर मेहनत करने की। संयम रखें, हमारी मेहनत एक दिन अवश्य सफलता दिलायेगी। आप अपना आंकलन स्वयं करें, जहां कमी रही उसे सुधारे, हो सके तो ग्रुप डिस्कशन करें, किसी विषय की कोचिंग लेनी हो तो परहेज न करें। यदि अनेक प्रयास में सफल नहीं रहें तो भी अन्य कार्य में यह अनुभव काम अवश्य आयेगा और हो सकता है आप सफल व्यापारी/व्यवसायी बन जायें। एक अच्छा पढ़ा-लिखा व्यक्ति आज व्यवसाय में होना जरूरी है विशेषकर एक्सपोर्ट व्यवसाय में, जो कानूनी पेचीदगियों, तकनीक, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाओं से सहयोग लेकर व्यवसाय को बढ़ा सके। एक्सपोर्ट व्यवसाय में अंग्रेजी भाषा की जानकारी वाले व्यवसायी अधिक सफल रहते हैं, क्योंकि सरकारों के द्वारा जारी परिपत्र, अधिसूचना, गाईडलाईन्स, अधिकांशत: अंग्रेजी भाषा में होती है। साथ ही विदेश में बातचीत करने में अंग्रेजी भाषा ज्ञान कारगर सिद्ध होता है।

इसलिए एक फील्ड से हताश न हों, अन्य रास्ते भी खुले रहते हैं, जहां सफलता आपका इन्तजार कर रही होती है। **-सी.एम. कुमावत**

एमनेस्टी स्कीम-2023

(वाणिज्यिक कर विभाग की बकाया मांगों के निस्तारण हेतु)

वित्त विभाग राजस्थान ने 10 फरवरी 2023 को बकाया मांग के सेटलमेंट के लिए टेबल में छूट तथा विवादित मांग के लिए एमनेस्टी स्कीम-2023 जारी की है जो 30 सितम्बर, 2023 तक प्रवृतित रहेगी। इस स्कीम के तहत दिनांक 30.6.2017 तक की बकाय व विवादित मांग सम्मिलित की गई है।

इसमें लाभ लेने के लिए व्यवसायी को अपनी सहमति इलेक्ट्रोनिक माध्यम से विभागीय वेबसाइट पर कर निर्धारण अधिकारी को निर्धारित फेज I (30 जून, 2023 तक), फेज II (1.7.23 से 31.7.2023 तक) तथा फेज III (1.8.23 से 30.9.2023 तक) देनी होगी। योजना के तहत टैक्स में प्रशमन राशि या टेक्स के बदल एकमुश्त राशि तथा कर मुक्ति शुल्क भी शामिल माना जाएगा।

स्कीम के तहत टैक्स, ब्याज, शास्ति तथा विलम्ब शुल्क में छूट का प्रावधान किया गया है।

क्र.	मांग की श्रेणी	शर्त	छूट का विवरण
1.	मांग रु. 1 लाख से कम की एकल बकाया प्रविष्टी	लागू नहीं	टैक्स ब्याज, शास्ति तथा विलम्बर शुल्क में पूर्ण छूट, साथ ही अब तक अर्जित ब्याज की छूट
2.	बकाया घोषणा पत्रों संबंधी मांग (क्रम सं. 1 को छोड़कर)	(अ) आवेदक को अन्तर्राष्ट्रीय बिक्री के इन्वाइस तथा प्राप्त भुगतान का प्रमाण मय अण्डर -टेकिंग देना है। (ब) उपर्युक्त (अ) में सम्मिलित नहीं रहे मामलों में निम्नानुसार अंतर कर जमा कराना होगा। (i) फेज-I 10% (ii) फेज-II 15% (iii) फेज-III 20%	टैक्स ब्याज, शास्ति तथा विलम्बर शुल्क में पूर्ण छूट, साथ ही अब तक अर्जित ब्याज की छूट शेष अंतर कर, पूर्ण ब्याज तथा विलम्ब शुल्क मय अब तक अर्जित ब्याज
3.	बकाया मांग/विवादित राशि 25 करोड़ तक यदि केवल ब्याज संबंधी है।	ब्याज राशि का निम्नप्रकार जमा जमा कराना होगा (i) फेज-I में 30% (ii) फेज-II में 35% (iii) फेज-III में 40%	शेष ब्याज तथा अब तक अर्जित ब्याज में छूट देय होगी
4.	बकाया मांग या विवादित मांग जो टेगल के क्र.सं. 1, 2 व 3 में कवर नहीं है, तो	निम्न टेक्स राशि जमा करानी होगी (i) फेज-I में 20% (ii) फेज-II में 25% (iii) फेज-III में 30%	शेष कर तथा पूर्ण ब्याज, शास्ति तथा विलम्ब शुल्क मय अब तक अर्जित ब्याज में छूट होगी

डीलर की सहमति मिलने के बाद कर निर्धारण अधिकारी फाइनल राशि की मांग फेज I, II व III में करेगा, जिसे 10 दिवस में या फेज अवधि के अंतिम दिन तक जमा करानी होगी। यदि डीलर इस फाइनल मांग को आगामी फेज में अदा करता है तो उसे उस फेज के तहत पात्र ही मान कर और राशि जमा करानी होगी।

डीलर उक्त टेबल में उल्लेखित लाभ के बजाए किश्तों में राशि अदा करने का विकल्प ले सकता है।

क्र.सं.	जहां राशि उपर्युक्त टेबल जमा कराने योग्य थी	अधिकतम किश्तें
1.	50 लाख तक	4
2.	50 लाख से 1 करोड़ तक	5
3.	1 करोड़ से अधिक	6

कर निर्धारण अधिकारी द्वारा फाइनल मांग बताये जाने से 10 दिवस में अथवा उस फेज की अंतिम तिथि जो बाद में हो तक प्रथम किश्त अदा करनी होगी तथा 30 दिन बाद आगामी किश्त

क्रमश: देनी होगी।

यदि व्यवसायी द्वारा कोई राशि इस स्कीम को जारी होने से पूर्व जमा करायी हो तथा उसका समायोजन अभी नहीं दिया गया हो तो पहले यह समायोजित की जायेगी इसमें किसी भी न्यायालय के निर्देशों के अनुक्रम में जमा राशि भी सम्मिलित है। यदि किसी विवादित मांग के लिए न्यायालय/करबोर्ड/अपीलीय प्राधिकारी के यहां प्रकरण लम्बित है तो स्कीम का लाभ लेने के लिए व्यवसायी स्वयं या विभाग उस प्रकरण को विथड्रा करना होगा तथा इस बाबत अण्डरटेकिंग देनी होगी। जहां विभाग ने बकाया मांग के लिए किसी व्यवसायी के विरुद्ध प्रोशिक्यूशन दायर कर रखा है, वह व्यवसायी भी स्कीम के प्रावधान के तहत आवेदन कर सकेगा तथा कर निर्धारण अधिकारी उस केस को विथड्रा करेगा। यदि अलग-अलग अधिनिमों के तहत मांग बकाया है तथा अलग-अलग कर निर्धारण अधिकारियों के पास बकाया है तो पृथक-पृथक सहमति (Willingness) देनी होगी। दिनांक 30.6.2017 तक सृजित मांग यदि व्यवहारी द्वारा विलम्ब से जमा करायी गयी है तो विलम्ब से मांग जमा पर देय ब्याज अभी सृजित नहीं भी हुआ है तो व्यवहारी उसकी माफी हेतु इस स्कीम में आवेदन कर सकते हैं।

एमनेस्टी सकीम 2022 के तहत आवेदन किये प्रकरण जिनका निस्तारण बकाया है, उन्हें स्वत: ही फेज प्रथम के लिए पात्र माना जाएगा।

इस सम्बन्ध में कोई भी विवाद हो तो आयुक्त वाणिज्य कर विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

नोट : अधिक जानकारी के लिए वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना 10 फरवरी, 2023 देखें अथवा वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करें। **- रमेश गैदर (कुमावत)**

योग अपनाए स्वस्थ रहे

असाध्य रोगों का हुआ इलाज

मदनगंज-किशनगढ़ में प्रभुदयाल तुनगरिया के द्वारा 12 वर्षों से योग-प्राणायाम की सेवाएं दे रहे है।

पिछले अंक में आपने इनके बारे में पढ़ा कि एक महिला नींद नही आने से परेशान थी। रात को दो-दो गोली लेने के बाद भी उसे 3 बजे तक नींद आती थी। नियमित योग क्लास से उसे बहुत लाभ हुआ।

अब आप पढिये ऐसे ही अन्य उदाहरण:-

1. कुमावत समाज की एक बालिका करीब दो वर्षों तक दवाईयां ले-लेकर परेशान हो चुकी थी। वह श्री प्रभुदयाल तुनगरिया योग शिक्षक से मिली। उसे योग क्लास में आने की सलाह दी। उस बच्ची ने नियमित योग क्लास ज्वाइन की ओर स्वस्थ हुई। उसकी दवाईयां बिलकुल बंद हो चुकी है तथा वह स्वस्थ है। तुनगरिया ने बताया कि दवाई के साइड इफेक्ट से अन्य परेशानियां हो रही है। जहां तक हो सके दवाइयों से बचे और प्रात:काल व शाम योग-प्राणायाम करके अदभुत चमत्कारी लाभ लेवे।

2. जाजोता, रूपनगढ़ की एक पूर्व महिला सरपंच उठ नहीं पाती थी तथा उसे दीवार का सहारा लेना पडता था, वह बहुत तकलीफ में थी। जाजोता रूपनगढ़ में 7 दिन का योग शिविर लगाया गया था उस क्लास में योग प्राणायाम का महत्व व आसन के बारे में बताया गया। उस महिला ने भी शिविर में योग प्राणायाम किया तथा बाद में भी जारी रखा इससे उसे बहुत लाभ हुआ तथा वह स्वयं आसानी से खडी होने लगी। वर्षों बाद एक दिन जब वह किसी काम से इनकी दुकान पर आयी तो इन्हे पहचान लिया तथा बहुत आशीर्वाद दिया।

3. श्री मोहन लाल गुर्जर जो पुलिस विभाग में है, उन्हे अस्थमा था व धूल-मिट्टी से एलर्जी थी। दिनभर छींके आने से उन्हे जीवन बेकार लगने लगा था। लाखों की दवाई खा चुके थे तथा कई बार अस्पतालों में भर्ती हुए पर राहत नही मिली। एक दिन उन्होंने श्री प्रभुदयाल से संपर्क किया व अपनी परेशानी बतायी। उन्हे योग-प्राणायाम का महत्व बताया तथा वो नियमित योग क्लास में आने लगे। उन्होने 16 वें दिन बताया कि योग से अदभुत, क्रांतिकारी तथा चमत्कार लाभ महसूस हो रहा है व शरीर में ऊर्जा का संचार महसूस होने लगा है। वे नियमित क्लास में एक बीमारी ठीक कराने आए पर कई बीमारियों से पीछा छुट गया। वे अब बिलकुल स्वस्थ है अभी भी नियमित क्लास में आ रहे है। उनकी बीमारी दूर हुई व जीवन में आई नकारात्मकता भी दूर हो गयी। अब वे योग प्राणायाम से आनन्द महसूस करते हुए अन्य को भी प्रेरित करते है।

योग प्राणायाम से जिन्हे भी फायदा हुआ उनकी योग में रुचि बड़ी है। इससे लोग मस्त स्वस्थ ऊर्जावान व तन्दरुस्त बन रहे है। श्री प्रभुदयाल तुनगरिया का कहना है कि परमात्मा द्वारा हमें प्रचुर प्राकृतिक ऑक्सीजन मिलती है जो हमारे श्वसनतंत्र व फेफड़ों को मजबूत करती है तथा शरीर स्वस्थ बनता है। नि:शुल्क सेवा से लोगों को हुए लाभ से प्रभु जी का उत्साह बढ़ता है।

आइये, हम सभी नियमित योग-प्राणायाम से जुड़े।

'आओ मिलकर योग करे, जीवन को आनन्दित करे।'

प्रभुदयाल तुनगरिया अभी योग-प्राणायम की दो जगह नियमित क्लास ले रहे है-

1. डाक बंगला अजमेर रोड़ प्रात: 5:30 से 7 बजे तक एवं
2. कम्युनिटी पार्क, मझेला रोड़, सायं 5:45 से 7 बजे तक

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई

कक्षा 12वीं

96.20
हार्दिक कुमावत
जयपुर

95.00
चांदनी कुमावत
जयपुर

92.60
दिशा कुमावत
मंदसौर

92.40
अक्षांष कुमावत
जयपुर

91.00
चंचल कुमावत
जयपुर

89.40
सौम्या कुमावत
जयपुर

88.40
दिवीशा कुमावत
जयपुर

87.80
विशेष पटेल
जयपुर

81.00
दिशा कुमावत
जयपुर

80.20
रोहित कुमावत
जयपुर

कक्षा 10वीं

96.00
शुभी कुमावत
जयपुर

96.00
तनुष मंडावरा

96.00
तेजस्वनी कुमावत
विजयनगर

96.00
दिव्यांशी कुमावत
जयपुर

92.40
निशांत कुमावत
जयपर

90.00
निलम कुमावत
जयपुर


83.80
आरूषि कुमावत
जयपुर

81.00
मंथन कुमावत

सूचना

कक्षा 12वीं व 10वीं CBSE तथा राज्य बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत व अधिक अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का फोटो, नाम तथा प्राप्तांक का प्रकाशन इसी तरह 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के आगामी जून-2023 के अंक में किया जाएगा। अभिभावकों से निवेदन है कि कृपया अपने बच्चों की सूचना प्रकाशक के **मो. 9414074376 पर व्हाट्सएप** करने का कष्ट करें।

मैंगो पिस्ता आइसक्रीम

गर्मी के मौसम में आइसक्रीम खाना किसे पसन्द नही है। इस मौसम में हर वर्ग के लोग इसे बडे चाव के साथ खाते है। तो आये, यूं बनाये मैंगो पिस्ता आइसक्रीम:-

सामग्री - दो गिलास दूध, 4 ब्रेड, 4 बडे चम्मच चीनी, 2 पके हुये आम तथा 5 ग्राम पिस्ता कतरन।

विधि- सबसे पहले ब्रेड लेकर चाकू से उसकी चारों तरफ की मोटी कॉर्नर को हटा लेगें, फिर मिक्सी में ब्रेड को ग्राईन्ड करेंगे। अब एक भगोनी में दूध लेकर ब्रेड को दूध में डालेगें उसमें चीनी डालकर थोड़ी देर तक पकायेगें। दूध रबडी की तरह थोड़ा गाढ़ा हो जायेगा। फिर इसे बिल्कुल ठण्डा करके मिक्सी में डालकर ग्राइन्ड करेंगे। अब दूध की मलाई एवं आम डालकर एक बार फिर ग्राइन्ड करेगें। ग्राईन्ड करने के बाद किसी आयताकार बरतन या चौड़े मुंह के आईस बॉक्स में डाल दे उसमें पिस्ता डालकर 8-10 घण्टे फ्रिजर में जमने के लिए रख देगें। आईसक्रीम जमने के बाद ठण्डी-ठण्डी आइसक्रीम सर्व करें। यह आपको जरूर पसंद आएगी।

- राजबाला कुमावत

महेश कुमावत पुत्र मालीराम कुमावत (मरोठिया) व राहुल कुमावत पुत्र श्री हनुमान कुमावत (मरोठिया) का SSC CGL AUDITOR (CAG) के पद पर चयनित होने पर बधाई।

समाज की पहल

श्री कुमावत समाज ट्रस्ट, नरकुण्ड्रम, चेन्नई, तमिलनाडु द्वारा पक्षियों के लिए एक बहुमंजिले फ्लैट (टॉवर) का निर्माण कराया गया है, जिसमें पक्षी आराम से रह सकते हैं।

स्टोन कार्विंग (रत्नक्काशी) की कार्यशाला

श्री अमृत सिरोहिया ने सीतापुरा स्थित IIGJ कॉलेज (Indian Institute of Gem & Jewellery) में आयोजित तीन दिवसीय वर्कशॉप **'अलंकार मेला'** डिजाइनिंग के छात्रों को स्टोन स्लेक्शन, ड्रेसिंग, स्केचिंग कार्विंग व पालिशिंग की पूरी प्रक्रिया का लाइव डेमो दिया। कॉलेज के छात्रों ने इस कला के बारे में जाना और बड़ी उत्सुकता से इसको स्वयं करके देखा।

श्री सिरोहिया इस कला में देश के पहले राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कलाकार हैं। इन्होंने देश-विदेश में इस कला का प्रचार-प्रसार करते हुए कई सम्मान प्राप्त किये हैं।

इस आयोजन में जेम्स एण्ड ज्वैलरी के बड़े-बड़े दिग्गज उपस्थित हुए। राजस्थान उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत, राजसीको अध्यक्ष श्री राजीव अरोड़ व IIGJ के चेयरमैन डॉ. नवल अग्रवाल के द्वारा अमृत सिरोहिया को सम्मानित किया गया। **बधाई**

माँ श्रीमती गुलाबदेवी की मरणोपरांत आँखें दान की

श्री मोहनलाल कुमावत से.नि. मुख्य लेखाधिकारी निवासी शांतिपुरा अजमेर की माताजी श्रीमती गुलाब देवी पत्नी स्व. श्री गणेश नारायण नीमिवाल की 81वर्ष की आयु में 29 अप्रेल, 2023 को निधन हो गया था।

श्री मोहन लाल कुमावत ने आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, अजमेर, चैप्टर को अपनी माँ की आँखों का पुनित एवं मानवीय कार्यों के लिए दान कर परोपकार की अनुपम मिसाल कायम की है। इनके नेत्रदान से किसी के जीवन में ज्योति आयेगी तथा वह इस सुन्दर संसार को देख सकेगा। मानवता के इस नेक कार्य के लिए श्री मोहनलाल कुमावत (नेमीवाल) तथा उनके परिवार का **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से आभार।

श्री कैलाश जी घोड़ावड़ (भारतीय जनता पार्टी, गुजरात-प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य) के जयपुर आगमन पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट हुई। उन्होंने पत्रिका की प्रशंसा की तथा समाज के उत्थान पर विचार विमर्श हुआ।

शहीद सीताराम कुमावत जन सेवा संस्थान की ओर से कारगिल शहीद श्री सीताराम कुमावत की पुत्री प्रियंका का शुभ विवाह। बधाई व शुभकामनाएं।

अमर मंडावरा को स्टेट कोऑर्डिनेटर व श्रीचंद कुमावत को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया

अमर मंडावरा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने झोटवाड़ा विधानसभा निवासी **अमर मंडावरा** को स्टेट कोऑर्डिनेटर व विद्याधर नगर विधानसभा निवासी **श्रीचंद कुमावत (खुड़िया)** को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।

इन दोनों की नियुक्ति होने पर प्रदेश स्तरीय संगठन को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव का हार्दिक आभार व अभिनंदन किया व सभी का मुंह मीठा कराया गया। अमर मंडावरा व श्रीचंद कुमावत (खुड़िया) ने सभी कार्यकारिणी सदस्यगणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रीचंद खुड़िया

इन दोनों की नियुक्ति से राज्य की राजनीति में कुमावत समाज का प्रतिनिधित्व बढा है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री अमर मंडावरा व श्री श्रीचंद कुमावत को हार्दिक बधाई।

गजानंद कुमावत कांग्रेस ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

कालाडेरा, चौमूं निवासी गजानंद कुमावत को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ये कांग्रेस संगठन में वर्ष 1995 से निरन्तर कार्यरत हैं तथा युवक कांग्रेस के ब्लॉक महामंत्री, जिला संयुक्त मंत्री, जिला मंत्री, जिला उपाध्यक्ष, सलाहकार सचिव तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त ये महामंत्री राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण प्रकोष्ठ, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौमूं पश्चिम आदि पदों पर कार्य कर चुके हैं।

गजानंद कुमावत को प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

नरेश कुमावत नागरिक वीरता पुरस्कार से सम्मानित

मूर्तिकार नरेश कुमावत पुत्र श्री मातूराम कुमावत द्वारा शहीदों के लिए 300 से अधिक मूर्तियां नि:शुल्क बनाकर देने का अभुतपूर्व कार्य करने पर **एक ही रास्ता एनजीओ** ने नागरिक वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका द्वारा श्री नरेश कुमावत को नागरिक वीरता पुरस्कार मिलने पर हार्दिक बधाई।

ललित जालवाल, राज. कांग्रेस ओबीसी के उपाध्यक्ष नियुक्त

राजस्थान कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के उपाध्यक्ष पद पर श्री ललित कुमावत (जालवाल) को नियुक्त किया गया है। श्री ललित राजमसंद में अपनी ऊर्जा एवं संगठन शक्ति का परिचय दे चुके हैं तथा पार्टी के समर्पित युवा कार्यकर्ता रहे हैं। आपकी मिलनसारिता व मृदुस्वभाव आपको राजनीति की ऊँची बुलन्दी पर ले जायेगा।

'कुमावत इण्डिया' पत्रिका की ओर से ललित जालवाल को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना।

अभिज्ञान ए. सिंघाटिया की पुस्तक China Town का विमोचन

सेंट जेवियर हाई स्कूल, गुडगांव की 8वीं कक्षा के छात्र अभिज्ञान ए. सिंघाटिया की पुस्तक "China Town" का विमोचन किया गया। समाज के इस होनहार छात्र की पुस्तक China Town में डिजनीलैण्ड व पण्डाज की जादूई दुनिया का बखूबी विवरण दिया गया है। यह पुस्तक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

मोनिका वर्मा, कलाना (भादरा) हनुमानगढ़ ने यू एन 20 एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 3000 मीटर स्टीपल चेस 21 जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, तामिलनाडू में रजत पदक जीता। **बधाई**

बधाई

शुभी कुमावत

CBSE बोर्ड की 10वीं कक्षा में 96%

English-97%

Social Science-98%

अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने पर

हार्दिक बधाई

शुभेच्छु

लक्ष्मीनारायण घोड़ीवाल–राजकुमारी (दादा–दादी),

सुरेन्द्र बाबु घोड़ीवाल–प्रीति (पिता–माता),

मनीष घोड़ीवाल–शशि (चाचा–चाची),

शिवी (बहन), लविन (भ्राता) तथा

श्रीमती सारिका–भवानी सिंह जी कुसुम्बीवाल (बुआ–फूफाजी)

7/218, मालवीय नगर, जयपुर-302017 मो. 95496 56438

स्व. डॉक्टर श्री शेर सिंह दिल्लीवाल एवँ स्व.श्रीमती दया देवी दिल्लीवाल के आशीर्वचन द्वारा पुत्रवधु, पौत्रवधु तथा प्रपौत्र ने प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की।

कान्हा-यशोदा कॉन्टेस्ट में बेस्ट फेस का अवार्ड रैनित सिंह दिल्लीवाल को।

23 अप्रैल 2023 को ड्रीम अचीवर्स क्लब की ओर से नारी इन साड़ी प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करती शकुन सिंह दिल्लीवाल

सास शकुन सिंह व बहू रेनू सिंह गणगौर माता की पूजा करते हुए।

शकुन सिंह शीतला अष्टमी पर ईसर जी बनी।

विज्ञापन

दया सदन, प्लॉट नंबर 3 शांति नगर ,बैनाड रोड दादी का फाटक विकास स्कूल के पास, 30 2012

युवाओं को उनकी रुचि अनुरूप पेशा अपनाने दें

